D-cum-DD (Sri AKP)

कुमार देवेन्द्र प्रौज्ज्वल, उप सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग, द्वारा दिनांक–24.10.2018 को नगर पंचायत रफीगंज (औरंगाबाद) में क्षेत्र भ्रमण/स्थल निरीक्षण एवं समीक्षात्मक बैठक की टिप्पणीः–

26 OCT 2018
प्राप्ति तिथि
बिहार, पटना

दिनांक–24.10.2018 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग के आदेश सं०–3725/ दिनांक–17.07.2018 के आलोक में नगर पंचायत, रफीगंज में समीक्षात्मक बैठक की गई एवं स्थल निरीक्षण भी किया गया।

**हर घर नल जल निश्चय योजना :–**

नगर पंचायत, रफीगंज में हर घर नल जल योजना के अंतर्गत 09 युनिट का निविदा क्रमशः वार्ड सं०– 01, 02, 03, 07 एवं 14 में निकाली गयी है जिसमें मात्र 03 युनिट क्रमशः वार्ड सं०– 02, 03 एवं 07 में कार्यादेश निर्गत किया गया। विभागीय प्राक्कलन के अनुसार 500 फीट बोरिंग एवं 5HP का मोटर लगाने का प्रावधान है। नगर पंचायत में उपस्थित अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों के द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत, रफीगंज के भूगर्भीय स्थिति को देखते हुये 500 फीट बोरिंग कराना एवं 5HP का मोटर लगाना संभव नहीं है। कार्यपालक पदाधिकारी रफीगंज द्वारा बताया गया है कि संवेदक द्वारा सूचना दिया गया है कि 180 फीट या 200 फीट से ज्यादा बोरिंग नहीं कराया जा सकता है।

उक्त के आलोक में विस्तृत प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी द्वारा अलग से समर्पित किया जा रहा है।

**2. नाली गली पक्कीकरण निश्चय योजना :–**

नगर पंचायत, रफीगंज के अंतर्गत निविदा संख्या– 03/17–18 में कुल 25 योजनाओं का निविदा प्रकाशन किया गया जिसमें 12 योजनाओं का कार्यादेश दिया गया है एवं 13 योजनाऐं निविदा में रिक्त रह गयी। 11 योजना पूर्ण है। निविदा सूचना सं०– 08/17–18 में कुल– 13 योजना का निविदा प्रकाशन किया गया जिसमें 05 योजना कार्यादेश दिया गया है एवं शेष योजना रिक्त है।

उक्त योजना में अपेक्षित प्रगति का निदेश कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, रफीगंज को दिया गया।

**3. स्वच्छ भारत मिशन–**

कार्यपालक पदाधिकारी रफीगंज द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत, रफीगंज को ODF घोषित किया जा चुका है।

- शौचालय विहीन परिवारों की संख्या – 963
- SBM के तहत व्यक्तिगत शौचालय से आच्छादित होने वाले परिवारों की संख्या– 934
- कार्यादेश निर्गत परिवारों की संख्या– 934
- प्रथम किस्त निर्गत लाभुकों की संख्या– 760
- शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण लाभुकों की संख्या– 554

पत्र प्राप्ति
29 OCT 2018
संख्या 11642

- भूमिहीन/भूमि के कागजात अनुपलब्ध लाभुकों की संख्या– 24
- कुल– 24 भूमिहीन परिवारों को भौचालय का लाभ सामुदायिक शौचालय निर्माण कराया जाना है तथा टेंडर की प्रक्रिया की जा चूका है।
- डोर–टू–डोर गीला–सूखा कचड़ा अलग–अलग संग्रहण हेतु House Hold Bins क्रय कर वितरित करने की प्रक्रिया की जा रही है।

क्षेत्र भ्रमण के क्रम में नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं पायी गयी। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सफाई आउटसोर्सिंग के माध्यम से करया जा रहा है। आगामी दीपावली एवं छठ के मद्देनजर विशेष सफाई अभियान चलाने एवं फोगिंग आदि कराने का निदेश दिया गया।

## 4. सबके लिए आवास योजना–

| Phase | Sanctioned | MIS Entry | 1st Installment | 2nd Installment | 3rd Installment |
|---|---|---|---|---|---|
| Phase – i | 500 | 306 | 263 | 232 | 37 |
| Phase – ii | 52 | 43 | 32 | 18 | 03 |
| Phase – iii | 56 | 53 | 0 | 0 | 0 |

सबके लिए आवास योजना में नगर पंचायत रफीगंज में राशि का अभाव है जिसके कारण योजना में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है। शीध्र राशि संबंधित नगर निकाय को भेजे जाने की आवश्यकता है।

## 5. NULM योजना :–

नगर पंचायत रफीगंज में DAY NULM का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत रफीगंज द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 12 SHG का गठन किया गया है, COs के चयन हेतु विभागीय निर्देशानुसार प्रकाशन की प्रक्रिया में है।

| क्रम सं० | SM & ID | Report |
|---|---|---|
| 1 | SHG | 12 |
| 2 | SUH | 18 |
| 3 | SEP | 02 |
| 4 | SUSV | Survey |
| 5 | EST & P | No SDC In Rafiganj ULB |

## 6. होल्डिंग कर

नगर पंचायत, रफीगंज में कुल होल्डिंग की सं०– 6266 है। कुल डिमाण्ड– 24.00 लाख है, एवं अबतक कुल वसूली– 4.18 लाख है, जो कुल वसूली का मात्र 17.42

प्रतिशत है। चालू वित्तीय वर्ष की वसूली लक्ष्य से काफी कम है । अतः वसूली हेतु विशेष अभियान चलाने का निदेश दिया गया है।

**8. अनुसूचित जाति टोले का भ्रमण :–**

कार्यपालक पदाधिकारी एवं स्थानीय वार्ड पार्षद श्री अर्जुन प्रसाद के साथ वार्ड सं०– 01 अन्तर्गत अनुसूचित जाति बहुल टोले का भ्रमण किया गया। भ्रमण के क्रम में देखा गया कि 24 भूमिहीन परिवारों के लिए सामुदायिक शौचालय बनाने हेतु स्थल का चयन कर लिया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया है कि शीध्र निविदा प्रकाशित कर नियमानुसार सामुदायिक शोचालय का निर्माण कराया जाय। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में पाया गया कि यहाँ बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति के लोग रहते हैं, परन्तु एक ही परिवार श्री दूर्गा भुईयाँ, पिता–मुसाफिर भुईयाँ को आवास निर्माण होते हुए देखा गया, वह भी अभी पूर्ण नहीं हो पाया है। जिसे शीध्र पूर्ण करने का निदेश दिया गया।यहाँ उपस्थित कई महिला एवं पुरूष जैसे –श्री सरदीप भुईयाँ, पिता– श्री जागेश्वर भुईयाँ, श्री जमुना भुईयाँ, पिता– श्री सरयुग भुईयाँ, पिता–स्व0 शिन भुईयाँ, श्रीमती रजमतीया देवी, पति किशु भुईयाँ, श्रीमती राजमन्ती देवी, पति श्री दशरथ भुईयाँ सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। इन सबों को अपनी जमीन नहीं रहने के कारण आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी परिवार सरकारी भूमि में बसे हुए हैं, इस कारण उन्हें आवास का लाभ नहीं दिया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि वे स्थानीय राजस्व पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर भू–अभिलेखों से मिलान कर देख लें कि क्या उक्त भू–खण्ड सरकारी है या रैयती है, ताकि नियमानुसार आवास देने हेतु निकाय स्तर से कार्रवाई की जा सके।

**9. स्ट्रीट लाइट :–**

कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि EESL के साथ रफीगंज नगर पंचायत का अब तक Service Level Agreement नहीं हो पाया है, जिसे शीध्र पूर्ण कर लिये जाने का निदेश दिया गया।

**10. अंकेक्षण एवं लंबित उपयोगिता प्रमाण–पत्र :–**

कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि लंबित अंकेक्षण प्रतिवेदन अविलंब तैयार कर विभाग को समर्पित करें। साथ ही जिन मामलों में उपयोगिता प्रमाण–पत्र नहीं भेजे गये हैं, उसे भी प्राथमिकता के आधार पर विभाग को भेज दिये जायें।

(कुमार देवेन्द्र प्रौज्ज्वल),
उप सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक– 5526 / न०वि०एवं.आ०वि० / पटना, दिनांक– 26/10/18

**प्रतिलिपिः**–प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग को सादर सूचनार्थ समर्पित।

(कुमार देवेन्द्र प्रौज्ज्वल),
उप सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक– 5526 / न०वि०एवं.आ०वि० / पटना, दिनांक– 26/10/18

**प्रतिलिपिः**–नोडल पदाधिकारी हर घर नल जल निश्चय योजना / नोडल पदाधिकारी स्वच्छ भारत मिशन / नोडल पदाधिकारी सबके लिए आवास योजना / नोडल पदाधिकारी नाली गली पक्कीकरण निश्चय योजना / निदेशक, नगरपालिका प्रशासन नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(कुमार देवेन्द्र प्रौज्ज्वल),
उप सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक– 5526 / न०वि०एवं.आ०वि० / पटना, दिनांक– 26/10/18

**प्रतिलिपिः**– कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत रफीगंज (औरंगाबाद) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(कुमार देवेन्द्र प्रौज्ज्वल),
उप सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।